अग्रवाल कॉलेज में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

आज दिनांक 7 अप्रैल 2025 को अग्रवाल कॉलेज की "यूथ रेड क्रॉस इकाइयों" के द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कॉलेज के पर्यावरण विषय के प्रवक्ता श्री लवकेश के द्वारा स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान दिया गया । उन्होंने बताया कि 7 अप्रैल 1948 को जब विश्व स्वास्थ्य संस्थान की स्थापना हुई थी तभी से हम विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को मना रहे हैं, उन्होंने बताया कि किस तरह मानव अपने पर्यावरण को हानि पहुंचा रहा है और अपने व अपनों के स्वास्थ्य को बिगाड़ रहा है । हमें स्वस्थ रहने के लिए फल, हरी सब्जियां का अधिक सेवन करना चाहिए व फास्ट फूड से बचना चाहिए, अधिक मात्रा में जल ग्रहण करना चाहिए, और पर्यावरण संरक्षण में भूमिका निभानी चाहिए क्योंकि "पहला सुख निरोगी काया है" और स्वस्थ युवा ही स्वस्थ भारत और सफल भारत के निर्माण में भूमिका निभा सकता है । अग्रवाल कॉलेज के प्रधान श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता व महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता जी के निर्देशानुसार व कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० संजीव कुमार गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन में इन सभी गतिविधियों को संपन्न कराया जाता है । प्राचार्य जी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम " हेल्थी बिगनिंग, होपफुल फ्यूचर" पर प्रकाश डाला व बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना व उन्हें बीमारियों से बचने में उन्हें सक्षम बनाना है । इस अवसर पर महाविद्यालय के अंग्रेजी विषय के प्रवक्ता व यूथ रेड क्रॉस के काउंसलर श्री सुभाष कैलोरिया, सेंट जॉन एम्बुलेंस के काउंसलर डॉ. देवेंद्र व 35 स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।